प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 21 जून 2022। विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टीवेंशन स्टेडियम में आज प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योग कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

योग कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के योगाचार्य श्री ओमवीर सिंह एवं श्री महेश सिंह कोरंगा द्वारा मंत्रोपजाप के उपरान्त विभिन्न योगासनों व प्राणायाम का उपस्थितजनों को दोहराने के लिए प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा, डा. पूनम त्यागी सहित विश्वविद्यालय के अनेक कर्मचारियों एवं परिसरवासियों ने योगाचार्य का अनुसरण किया।

इस अवसर पर कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने कहा कि भारतवर्ष में यह पहल 2015 में 21 जून को प्रारम्भ हुयी थी, जिसे हम आज योग दिवस के रूप में मनाते है। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व में योग गुरू के नाम से प्रसिद्व है। उन्होंने बताया कि हम लोग भौतिक सुविधा के आदि हो गये है जिससे हम अपने जीवनकाल में अपने शरीर की तरफ ध्यान नहीं दे पा रहे है। डा. शुक्ला ने योग एवं इसके लाभ पर अपने विचार प्रकट किये तथा स्वस्थ व्यक्तित्व के लिए योग को दैनिक जीवन में नियमित रूप से अपनाने का सभी से अनुरोध किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह द्वारा आमंत्रित योग विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये तथा अंत में सभी का आभार प्रकट किया गया।

विश्वविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम में योग करते अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं परिसरवासी।